केन्द्रीय विद्यालय पिकेट

सामयिक परीक्षा (जुलाई-2022)

कक्षा - तीसरी ____ विषय - हिन्दी अंक - 40

नाम - ______________________ रोल न. - ____ समय - 90 मिनट

पठन (5)	पद्य-गद्य (5)	व्याकरण (10)	सृजनात्मक लेखन (5)	वर्तनी (5)	शब्दकोश (5)	सुलेख (5)	कुल (40)

पठन(5)

गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर/विकल्प चुनो । (प्रश्न 1-5 तक)

अम्मा ने आव् देखा न ताव और कसकर एक झाड़ू आसमान को दे मारी | आसमान झट हट गया | पर वह भी अपनी आदत से मजबूर था | दूसरी बार फिर अम्मा के झुकते ही टक्कर मारने लगा | अम्मा ने फिर पूरी ताकत से उस पर वार किया | आसमान को शरारत सूझी | इस बार उसने झाड़ू पकड़ ली | उधर अम्मा भी झाड़ू पकड़े थी | रस्साकशी शुरू हो गई| झाड़ू का ऊपर वाला हिस्सा आसमान पकड़े हुए था तो नीचे वाला अम्मा, दोनों छोड़ने को तैयार नहीं थे | अम्मा चिल्लाई - छोड़ मेरा झाड़ू ! मेरे पास एक यही झाड़ू है |

प्रश्न 1. गद्यांश के अनुसार रस्साकशी किन दोनों के बीच हो रही हैं ? 1

अ) आसमान और चाँद

ब) सूरज और आसमान

स) अम्मा और चाँद

द) आसमान और अम्मा

प्रश्न 2. कौन अपने आदत से मजबूर था ? 1

अ) अम्मा ब) झाड़ू **स)** आसमान द) चाँद

प्रश्न 3. "छोड़ मेरा झाड़ू! मेरे पास एक यही झाड़ू है | "यह बातें किसने किससे कही ? 1

अ)चाँद आसमान से **ब)** आसमान अम्मा से **स)** अम्मा आसमान से **द)** आसमान चाँद से

प्रश्न 4.नीचे दिए गए शब्दों में कौन सा शब्द गद्यांश में नहीं दिया गया है ? 1

अ)अम्मा **ब)** सूरज **स) आसमान** **द)** झाड़ू

प्रश्न 5. रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए - <u>उधर</u> अम्मा भी झाड़ू पकड़े थी | 1

अ) किधर **ब)** इधर **स)** ऊपर द) कमर

<u>पद्य-गद्य</u>(5)

<u>पूछे गए प्रश्न के उत्तर लिखें।</u>

प्रश्न 1. कक्कू को बच्चे किन - किन नामों से चिढ़ाते हैं और क्यों ? 2

____

____

____

____

प्रश्न 2. बूढ़ी अम्मा चाँद पर कैसे पहुँची ? 2

____

____

____

____

प्रश्न 3.मक्खी को किन - किन जानवरों ने प्रणाम किया ? 1

____

____

____

<u>व्याकरण</u>(10)

प्रश्न 1. रेखांकित शब्द का लिंग बदलो - वह मेरा <u>भाई</u> है ।

क) पापा **ख)** दादी **ग)** बहन **घ)** चाची

प्रश्न 2. कोष्ठक में दिए गए शब्द का वचन बदलकर लिखें ।

मेरे पास एक किताब है जिसमें बहुत सारी _________ हैं। (कहानी)

क) कहाने **ख)** कहानियाँ **ग)** काहनियाँ **घ)** कहानियों

प्रश्न 3.रवि पूरा काम **<u>चुटकी बजाते ही</u>** कर लेता है। **वाक्य में रेखांकित मुहावरे का अर्थ है**

क) मुश्किल से **ख)** आसानी से **ग)** आलस से **घ)** बात करते

प्रश्न 4. रेखांकित शब्द का विलोम शब्द बताओ - मैंने कल <u>रात</u> रोटी खाई ।

क) दिन **ख)** दोपहर **ग)** शाम **घ)** रात्रि

प्रश्न 5. वह किताब पढ़ रहा है | इस वाक्य में नाम वाला शब्द पहचानो ?

क) रहा **ख)** पढ़ **ग)** वह **घ)** किताब

प्रश्न 6. किसान हल चला रहा है | इस वाक्य में काम वाला शब्द पहचानो ?

क) किसान **ख)** हल **ग)** चला रहा **घ) है**

प्रश्न 7. नीचे दिए गए शब्दों में से अलग शब्द पहचानो ?

क) शेर **ख)** बाघ **ग)** पेड़ **घ)** लोमड़ी

प्रश्न 8. मछली <u>जल</u> की रानी है | रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द बताओ ?

क) मिट्ठी **ख)** आग **ग)** पानी **घ)** बादल

प्रश्न 9 रेखांकित शब्द का अर्थ बताओ - राजू ने **<u>ठिठोली</u>** करते हुए क्या कहा ?

क) गुस्सा **ख)** मज़ाक **ग)** बाते **घ)**काम

प्रश्न 10. कक्कू पूरा दिन <u>रोता</u> रहता है - रेखांकित शब्द का तुक वाला शब्द बताओ ?

क) खेल **ख)** दौड़ **ग)** गाना **घ)** सोता

सृजनात्मक लेखन(5)

प्रश्न 1. इन चित्रों को पहचान कर, इनके बारे में अपने शब्दों में पाँच वाक्य लिखिए ।



____

1______________________________

____

2______________________________

____

3______________________________

____

4______________________________

____

5______________________________

____

अथवा (दोनों प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उतर दें)

प्रश्न 1. चित्र एवं नीचे दिए गए शब्दों के सहायता से अपने शब्दों में पाँच वाक्य लिखिए ।

____

____

____

____

____

____

____

____

____

वर्तनी(5)

प्रश्न 1. दिए गए वाक्यांश के लिए आए शब्द लिखकर रिक्त स्थान को भरिए ।

कोयल , माने ____________ जैसी मीठी जिसकी बोली । 1

क) मसरी **ख)** मीसरी **ग)** मुसरी **घ)** मिसरी

प्रश्न 2. अरे हाथी .. मुझे __________ कर, मैंने जंगल के राजा शेर को हराया । 1

क)प्रणाम **ख)** प्रनम **ग)** परनाम **घ)** प्रणमा

प्रश्न 3. कुएँ पर पानी भरने को लेकर अम्मा का किसी और से _______ हो गया । 1

क) जगद **ख)** जगडा **ग)** झगड़ **घ)** झगड़ा

प्रश्न 4. __________और पानी में रहने वाले जानवर सूरज के घर में आ गए । 1

क)मचली **ख)** माचाली **ग)** मछलियाँ **घ)** माछ्लियाँ

प्रश्न 5 दिए गए अक्षरों को सही क्रम में लगाकर अर्थपूर्ण शब्द बनाओ। 1

खी ज़ शे बा - _______________

क) जशेबाखी **ख)**शेखीबाज़ **ग)** खीबाशेज़ **घ)** बाशेखीज़

शब्दकोश(5)

1. नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द छाँटकर लिखिए -

I) कक्कू वह जो ________ गाये बात - बात में जो _________ जाए | 2

क) काम , रूठ **ख)** खाना , हंस **ग)** गाना , चिढ़ **घ)** रोना , सो

II) उसके साथ - साथ झाड़ू पकड़े हुए अम्मा भी _________ जाने लगी वह चिल्लाई - मुझे ___________ छोड़ दे **2**

क) नीचे , ऊपर **ख)** बाहर ,अंदर **ग)** अंदर , बाहर घ) ऊपर , नीचे

2. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए -

झगड़ा करने वाला - _____________________ **1**

क) दयालु **ख)** झगड़ालू **ग)** भला **घ)** भोला

<u>सुलेख</u>(5)

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर-सुंदर अक्षरों में लिखिए ।

एक थी बुढ़िया। उसका एक पोता था | पोता रोज रात में सोने से पहले दादी से कहानी सुनता |दादी रोज उसे तरह - तरह की कहानियाँ सुनाती |एक दिन मूसलाधार बारिश हुई | ऐसी बारिश पहले कभी नहीं हुई थी | सारा गाँव बारिश से परेशान था |